# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया — सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com



संस्करण : धनबाद | मंगलवार 7 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# गिरीडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा, आजसू पार्टी और जेबीकेएसएस ने किया नामांकन







(न्यूज12 भारत)

तोपचांची--गिरीडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र से आज झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा प्रसाद महतो आजसू पार्टी से चन्द्र प्रकाश चौधरी एवं जेबीकेएसएस से उषा महतो और पूजा महतो ने श्रीमती विजया जाधव के समक्ष आज नामांकन पत्र दाखिल किया।
झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा प्रसाद महतो ने दो सेट में आपना नामांकन पत्र दिया।
साथ ही आजसू पार्टी से चन्द्र प्रकाश चौधरी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया मौके पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो,बाबुलाल मरांडी एवं लम्बोदर महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही जेबीकेएसएस ने फिर प्रत्यासी उषा महतो एवं पूजा महतो का नामांकन पत्र दाखिल कर सभी को अचम्भित कर दिया। लोगों के सोच से परे है कि आखिर गिरीडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र में किया हो रहा है। आज लोगों में तरह तरह की चर्चा कर रहे हैं की गिरीडीह संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबले में किन का पलड़ा भारी रहेगा और बाजी किस के हाथ लगेगा।

## एक नजर

### पूर्णिमा नीरज सिंह जी उपस्थिति में हुई बैठक



(न्यूज12 भारत)

भौरा : सचेतक सह झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह जी उपस्थिति में ऑफिसर्स क्लब भौरा के प्रांगण में लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सुबोध सिंह द्वारा किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई माननीय झरिया विधायक ने रघुकुल यूथ ब्रिगेड के उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव 2024 की कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह के पक्ष में मतदान कर भारी से भारी मतों से विजय बनाने की अपील की तथा रघुकुल समर्थकों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान दर्जनों लोगो ने माननीय विधायक जी के मौजूदगी में रघुकुल का दामन थामा तथा विधायक जी ने सभी को फूल माला भेट कर स्वागत किया। रघुकुल यूथ ब्रिगेड में शामिल नए लोगों में कमल सिंह, शुभम रवानी, रवि रजक, तारा कुमार मोहली, शबीर अंसारी, नसीर खान, शकील अंसारी, इकबाल अंसारी, आबिद अंसारी, इफ्तिकार अंसारी प्रमुख हैं। साथ ही दिनांक 11 मई को भौरा बड़ा बंगला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी के उपस्थिति में होने वाली विशाल सभा के आयोजन के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी सतीश रजक, अभिषेक सिंह, चंद्रावती देवी तथा निवर्तमान पार्षद चंदन महतो ने संबोधित करते हुए माननीय विधायक जी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन करने का आह्वान किया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, शेख अमजद, बबलू दुबे, सुनील पासवान, हरेंद्र यादव, विक्की रवानी, मो० आलम, राजीव सिन्हा, राजू यादव, रोहित विश्वकर्मा, गुलशन सरकार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आप रवि थे आप रवि है आप सदैव रवि रहेंगे आपके विचार सदैव प्रज्वलित रहेगे - अनंत धीश अमन

(न्यूज12 भारत)



गया। अध्यात्मिक साहित्यिक संगीतज्ञ प्रखर वक्ता बडे भाई रवि आचार्य का जाना बिल्कुल सगे संबंधियों के मन को निष्ठुर कर दिया है। आत्मिक रुप से जिनका सदैव स्नेह प्रेम और आशीर्वाद पाता था वह सागर आज सूखकर सदैव के लिए वाष्प बन बैकुंठधाम चले गए श्री हरि से यही प्रार्थना है उनको अपने चरणों में स्थान दे और परिवार मित्र इष्ट जन को संबलता प्रदान करें। वही अनंत धीश अमन ने कहा कि आप रवि थे आप रवि है आप सदैव रवि रहेंगे आपके विचार सदैव प्रज्वलित थे,है और रहेंगे।

### दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि लंबित पर जिला पदाधिकारी ने आश्वस्त कराया के जल्द ही प्रोत्साहन की राशि उपलब्ध करा दी जाएगी




(न्यूज12 भारत)

गया। अत्यधिक गर्मी के बावजूद समाहरणालय में आए अनेकों फरियादी को देख जिला पदाधिकारी ने स्वयं अपने कार्यालय कक्ष से निकलकर सभी फरियादियों को मीटिंग हॉल में बैठकर बारी बारी से सबकी फरियाद को सुना है। लगभग 30 लोगो की समस्याओं को सुना गया है। बाराचट्टी प्रखंड के धनगाई थाना क्षेत्र के लाला सिंह ने आवेदन देते हुए बताया कि बदलैंन जमीन को लेकर आपसी भूमि विवाद है। डीएम ने अंचलाधिकारी बाराचट्टी एव थानाध्यक्ष धनगाई को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से उक्त मामले की सून कर उचित कार्रवाई करे। राजेश कुमार दिव्यांग व्यक्ति ने आवेदन दिया कि उनका दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन राशि लंबित है। जिला पदाधिकारी ने आश्वस्त कराया के जल्द ही उक्त प्रोत्साहन की राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। कुजापि हाई स्कूल में नामांकन कराने आए शिवानी कुमारी को नामांकन नहीं लेने के संबंध में आवेदन पर जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रधानाध्यापक कुजापि हाई स्कूल को निर्देशित करे की उस विद्यार्थी को नियमानुसार नामांकन लेने की कार्रवाई करें।

# अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे : मीर

## कड़ी धूप के बावजूद महा गठबंधन की जनसभा में उमड़ी भीड़



(न्यूज12 भारत)

रांची: अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं करेंगे। यहां के लोग बाहरी लोगों को बाहर भेजेंगे। जो बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी करते हैं, वे जल-जंगल-जमीन और सरना कोड की बात नहीं करते। उक्त बातें सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में इंडिया गठबंधन के तत्वावधान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कही|
उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के बारे में बताया कि झारखंड के दर्द को समझने वाले को आपके सामने पेश किया गया है। परिवार के कारण नहीं बल्कि होनहार के कारण इन्हें लाया गया है। उन्होंने कहा कि पहले फेज में 102 और दूसर फेज में 82 क्षेत्रों पर कुल184 सीटों पर मतदान हुआ। मीडिया सर्वेक्षण में आया कि 184 सीटों में से 125 सीटें इंडिया गठबंधन को जाती दिख रही हैं। श्री मीर ने कहा कि इतनी कड़ी धूप में भी आपमें जोश और जज्बा दिखाई दे रही है, वही जोश और जज्बा 25 मई को चुनाव के दिन भी दिखाई देनी चाहिए।

### आपकी शक्ति ही हमें आगे ले जाएगी : यशस्विनी

कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि मैं झारखंड की बेटी हूं और खतियानी हूं। लोगों की परेशानी दूर करने की मंशा से ही मैंने कानून की पढ़ाई की और आज भी मैं आपकी सेवा करना चाहती हूं। राहुल गांधी के न्याय पत्र में महिलाओं, किसानों, मजदूरों और बेरोजगारों की समस्याओं को दूर करने की बात कही गई है।10 वर्षों की सरकार ने देश को बदतर। स्थिति में खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि आपकी शक्ति ही हमें आगे ले जाएगी। हमारी एकता पर प्रहार करने की कोशिश की जा रही है। एकजुट होकर ही हम कुछ कर सकते हैं। सुश्री सहाय ने कहा कि आपके प्यार और विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगी और आपको कभी निराश नहीं करूंगी।

### मोदी तुम्हारी घंटी बज चुकी है : सुबोध कांत सहाय

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा कि मोदी तुम्हारी घंटी बज चुकी है। 2024 चुनाव के बाद लोगों को न्याय मिलेगा। भाजपा नेता कह रहे हैं कि 400 पार के बाद संविधान बदलना है। सूरत में 12 प्रत्याशियों का नामांकन रद्द कर भाजपा उम्मीदवार को निर्विरोध जीत दिला दिया गया। यह तानाशाही का ही परिचायक है। एक मदारी देश के लोगों को नचा रहा है। 2014 में सैंकड़ों वादे किए गए। बाद में इन वादों को जुमला बताया गया और अब मोदी इसी जुमलों की गारंटी देते फिर रहे हैं। उन्होंने अपनी पुत्री और कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के बारे कहा कि इसे अन्याय बर्दाश्त नहीं है। यशस्विनी सहाय आपकी बहन बेटी बन कर तो रहेगी ही, आपकी पहरेदार वा सेवादार बनकर भी काम करेगी।

शेष पेज - 2 पर

# धोखरा में मासस की बैठक

(न्यूज12 भारत)

बलियापुर : धोखरा स्थित काली मंदिर प्रांगण में सोमवार की शाम ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा सीट से मासस के उम्मीदवार जगदीश रवानी को भारी मतों से जिताने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। 19 मई को धोखरा काली मंदिर में आमसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मासस केन्द्रीय सचिव चन्द्रदेव महतो, देवाशीष पांडेय, जेठू महतो, मदन महतो, श्रीकांत महतो, प्रदीप उपाध्याय, काशीनाथ मंडल, शिवप्रसाद महतो, सुनील महतो, युधिष्ठिर महतो आमोद बावरी आदि थे|

# धनबाद की छात्र अरित्र तियारी ने आई.सी.एस.ई. परीक्षा में कुल 98.6% अंक हासिल किया



(न्यूज12 भारत)

धनबाद: डी नोबिली स्कूल एफ.आर.आई., डिगवाडीह, धनबाद की छात्र अरित्र तियारी ने आई.सी.एस.ई. 2024 परीक्षा में कुल 98.6% अंक हासिल करके स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। वह बी.आई.टी. सिंदरी परिसर में रहते हैं। एक जिज्ञासु शिक्षार्थी और अपने सपनों के प्रति जुनूनी होने के नाते, अरित्र उन सभी को श्रेय देता है, अपनी माँ श्रीमती सांत्वना तियारी को; उनके पिता प्रो. (डॉ.) एम. जी. तियारी और उनके स्कूल के सभी शिक्षक। वह कहते हैं, "कड़ी मेहनत तभी मायने रखती है जब आप अपना 100% दें।" वह अपना आभार व्यक्त करते हुए कहते हैं, "मैं अपनी मां को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने एक त्रुटिहीन मार्गदर्शक और गुरु के रूप में मुझे सर्वश्रेष्ठ का रास्ता दिखाया।

# अनियंत्रित स्कार्पियो ने दो स्कूली बच्चियों को मौत के घाट उतारा

(न्यूज12 भारत)



धनबाद: धनबाद थाना क्षेत्र असर्फी हॉस्पिटल से आगे शाने पंजाब होटल के सामने समय लगभग दिन के 11:30 बजे एक सफ़ेद रंग की स्कार्पियो संख्या JH10CU 7836 को दो लड़के जिसकी उम्र लगभग 16 वर्ष से 20 वर्ष के थे!8 लाइन सडक पर बिरसा मुंडा पार्क के तरफ से काफी तेज गति और लापरवाह से गाड़ी चलाते हुए, विनोद विहारी चौक की ओर जा रहे थे!अचानक स्कार्पियो अनियंत्रित हो गई और HP पेट्रोलपम्प के तरफ सर्विस लाइन सड़क के डिवाइडर से टकरा कर हवा में उछलते हुए फ़िल्मी एस्टेयाल की तरह सड़क के दूसरे लाइन में चली गई!और विनोद बिहारी चौक कि तरफ से आ रही स्कूटी पर सवार दो बहने जिसका नाम इसीता होरो उम्र 20 वर्ष एवं दूसरी बहन का नाम जिया होरो उम्र लगभग 15 वर्ष थी से स्कार्पियो जा टकराई!देखते ही देखते दोनों बहनो कि स्कूटी सहित परखचे उर गये !प्रत्यक्ष दर्शीयों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बहनो में से बड़ी बहन बीच सड़क से हवा में उछल कर शाने पंजाब होटल के तरफ सर्विस लाइन में जा गिरी और मौक़े पर तत्काल उसकी मौत हो गई वही दूसरी बहन जिसकी उम्र 15 वर्ष थी |

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की ओर से निर्मित 'द लाइट मूवी' शो दिखाई गयी

(न्यूज12 भारत)







निरसा: प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से निर्मित "द लाइट मूवी "शो आसनसोल के सृष्टि नगर स्थित सेंट्रम मॉल के सिनेमा हॉल दिखाई गयी जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसे देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ी जिसमें संस्था के सभी भाई बहनों के साथ-साथ कुछ विशेष अतिथिगण भी पधारे थे, जिन में डॉ आफताब हुसैन, डॉ अनिल कोचर, डॉ वीर प्रकाश,साँवरमल तायल, डॉ अवंतिका, डॉ उज्जवल कुमार, डॉ जोगेंद्र प्रसाद,डॉ संगीता रानी के साथ ब्रह्माकुमारी सेंटर की समर्पित बहनें ब्रह्माकुमारी जया बहन, शक्ति बहन, सुनीता बहन,पिंकी बहन,ज्योति बहन तथा अन्य सभी बहनें भी मौजूद थीं। इस मूवी के निर्देशक प्रसिद्ध शुजीत सरकार, निर्माता हरिलाल भानुशाली है। यह मूवी ब्रह्माकुमारीज़ के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा की एक अद्भुत जीवन कहानी के ऊपर आधारित है। यह एक एनिमेशन मूवी है और जिसके पीछे ब्रह्मा कुमारीज़ का शुभ संकल्प यह है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय स्वयं परमपिता परमात्मा शिव द्वारा स्थापित की गई है और हमारा एकमात्र उद्देश्य जन- जन तक यह संदेश पहुंचाना है की स्वयं परमपिता परमात्मा जो शिव स्वयंभू हैं, वह स्वयं इस धरा पर अवतरित होकर प्रजापिता ब्रह्मा के माध्यम से यह ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग की शिक्षा दे रहे हैं। यह शुभ संदेश विश्व भर में पहुंचे और सभी परमात्मा से ईश्ववरीय ज्ञान और सहज राजयोग का निःशुल्क लाभ ले सकें। इसके साथ ही हम सब का सपना भारत को स्वर्ग बनाने का उसे साकार किया जा सके। इस संस्थान की स्थापना से लेकर इसके देश-विदेश तक पहुंचने की एक अद्भुत गाथा से सजी सजाई यह मूवी सिनेमा घर में देखना सभी के लिए एक अद्भुत अद्वितीय अनुभव रह जिसमें से ब्रह्माकुमारीज की शाखा निरसा के ज्ञान विज्ञान भवन की ओर से 100 भाई बहनों ने इसमें हिस्सा लिया। इसके अलावा ब्रह्मा कुमारीज की शाखा चिरकुंडा आसनसोल बर्नपुर चितरंजन आदि सभी के जगह से भाई बहने इस मूवी को देखने आए थे सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल रहा|

# एनडीए देश की प्रगति के लिए समर्पित, इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण : सुदेश महतो

(न्यूज12 भारत)



- चंद्र प्रकाश चौधरी ने गिरिडीह सीट के लिए नामांकन दाखिल किया
- जन आशीर्वाद नामांकन सभा आयोजित, एनडीए के कई नेता हुए शामिल, जुटी हजारों की भीड़
- गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी
- जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी : बाबूलाल मरांडी

रांची/गिरिडीह : एनडीए गठबंधन देश के लिए समर्पित है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास ही एनडीए का मंत्र है। इसी मंत्र के आधार हम जनता से जन आशीर्वाद मांग रहे हैं। राष्ट्र हित हमारे लिए सर्वोपरि है। दूसरी तरफ इंडी गठबंधन की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण से है।
उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन के बाद बांधडीह हाई स्कूल मैदान में आयोजित जन आशीर्वाद नामांकन सभा में कही। इस दौरान बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित किया।
सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज फिर से हम गिरिडीह की सेवा का संकल्प दोहराते हैं। इतनी गर्मी में जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए गिरिडीहवासियों ने अपने प्यार और समर्थन से नामांकन कार्यक्रम को विजय रैली में बदल दिया है। लोगों में वर्ष 2019 से अधिक उत्साह दिख रहा है। यह उत्साह, प्यार और विश्वास ही हमारी जीत का आधार बनेंगे।
सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आज सुबह से ही 'आलम जी का आलम' दिख रहा है। झारखंड की सरकार ने भ्रष्टाचार की सभी हदें पार कर दी हैं। एक और काली कमाई का ढेर साढ़े चार साल में इनकी करतूतों को उजागर कर रहा है।
गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है : सम्राट चौधरी
जन आशीर्वाद नामांकन सभा में शामिल हुए बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। सोने की चिड़िया कहा जाने वाला हमारा देश आज सोने के शेर बना रहा है। भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। आज हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था हैं। गरीब को लूटने वाले हर भ्रष्टाचारी को जेल भेजना मोदी की गारंटी है। केंद्र सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का काम किया है। बिहार में लालू यादव और झारखंड में शिबू सोरेन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार की भलाई है।
जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी : बाबूलाल मरांडी
बाबूलाल मरांडी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस झारखंड, झारखंडियों और विकास के विरोधी हैं।

## धनबाद लोकसभा प्रत्याशी दुल्लू महतो को समर्थन की अपील की गई



(न्यूज12 भारत)

बरवाअड्डा: मुराडीह गांव (बरवाअड्डा धनबाद)में झुमा चटर्जी की अध्यक्षता में एक सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें झारखंड बांग्ला भाषी उन्नयन समिति के बैनर तले धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो दादा को समर्थन की अपील की गई। गांव की सभी महिलाओं का कहना है कि झारखंड राज्य अलग होने के बाद बांग्ला भाषा को एक षड्यंत्र के तहत दर किनार कर दिया गया है। आज झारखंड राज्य 24 साल का हो गया है। पर हम बांग्ला भाषी अपने हक अधिकार से वंचित है। हमें अपनी मातृभाषा से वंचित रखा गया हमारी भाषा संस्कृति ,अस्तित्व खतरे में है। इसीलिए जो बांग्ला भाषा को सम्मान दिलाएंगे हम बांग्ला भाषी उन्हीं का समर्थन करेंगे। समिति के सदस्य झुमा चटर्जी ने कहा कि धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो जी ही एक ऐसा प्रत्याशी है जो गांव के लोगों के भावनाओं को समझते हैं उनके दुख दर्द में सामिल होते हैं। समिति की केंद्रीय अध्यक्ष श्रीमती रीना मंडल जी ने कहा जो बांग्ला भाषा को सम्मान देगा हम बांग्ला भाषी भी उन्हीं समर्थन करेंगे। यहां बात किसी पार्टी कि नहीं है भाषा संस्कृति अस्तित्व की है जो हमारी भाषा को सम्मान देंगे हम उनका समर्थन करेंगे।

# शिक्षित प्रत्याशी से धनबाद का विकास संभव - सीता राणा

(न्यूज12 भारत)



धनबाद। इंडिया गठबंधन से धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जीत दिलाने के लिए धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने निरसा विधानसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा किया।
सीता राणा श्यामपुर पंचायत, थापर नगर पंचायत, भुरकुंडा पंचायत पाथर कुंआ पंचायत में सघन जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों के साथ युवा वोटरों से मुलाकात की और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगा।
सीता राणा मौके पर कहा कि धनबाद का विकास एक शिक्षित प्रतिनिधि ही कर सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शिक्षित और कुशल नेतृत्व की क्षमता रखती है। अनुपमा सिंह के नेतृत्व में धनबाद का विकास तेजी से होगा। धनबाद के व्यापारियों को जहां सुरक्षित माहौल मिलेगा वही महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के साथ सशक्तिकरण का कार्य होगा। युवाओं को सुरक्षित रोजगार मिलेगा। धनबाद के किसानों को फसल का उचित दाम मिलेगा।
सीता राणा ने कहा कि धनबाद का विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए अनुपमा सिंह को वोट कीजिए और भारी मतों से विजई बनाएं।
महिला कांग्रेस की सदस्यों ने बाउरी टोला, मांझी टोला में घर घर जाकर महिलाओं से मिलकर प्रचार किया। कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय के बारे बताया।
मौके पर रूबी खातून, हेमंती जयसवाल, शाहिना बानो, बिंदु देवी, मीना प्रजापति, मुस्कान खातून, प्रमिला सिंह, सविता बाउरी, सोनी कुमारी, राजमुनी देवी, बबीता देवी, अनिता कुमारी, बेइजंती देवी आदि मौजूद थी।

## पेज एक का शेष

अब बाहर के लोग आपकी नुमाइंदगी नहीं...
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश खतरनाक दौर से गुजर रहा है। लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए लड़ाई तो लड़नी ही पड़ेगी। मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि वोट का अधिकार संविधान ने दिया है और आज उसी संविधान को समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। आज बेरोजगारों की तादाद एक करोड़ से बढ़कर चार करोड़ हो गई है। ओबीसी को मिलने वाला 27% आरक्षण को भाजपा के सीएम ने घटाकर 14% कर दिया। पूर्व मंत्री और कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि ऐसा झूठा प्रधानमंत्री लोगों ने कभी नहीं देखा होगा। जल-जंगल-जमीन और संविधान को बचाना है। अपने-अपने बूथ को मजबूत करें। इस बार के चुनाव को हल्के में ना लें, शायद 2024 के बाद चुनाव ही ना हो। हरियाणा के प्रत्याशी को भगाना है। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि पिछला चुनाव जुमलों का था। पिछली बार बहुत कम वोटिंग हुई थी, इस बार वोटिंग के प्रतिशत को बढ़ाना है। भाजपा सरकार ने सरना कोड तो दिया नहीं उल्टे सरना कालम को भी समाप्त करने की कोशिश की जा रही है। जनसभा में कांग्रेस के साथ ही झामुमो, राजद, आप,। टीएमसी, वाम दलों के नेताओं सहित सरना नेता भी मौजूद थे। राजद के रांची जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो, झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के साथ कांग्रेसी नेता कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, लाल अजय नाथ शाहदेव, रमा खलखो, प्रदीप तुलस्यान, सुरेंद्र सिंह, कुमार राजा, निरंजन शर्मा, जयशंकर पाठक, राजन वर्मा, सरना नेता अजय तिर्की, शिवा कच्छप, दीप लाल सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में नेतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। संचालन जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो और धन्यवाद ज्ञापन बेलस तिर्की ने किया।

## धनवर्षा से कितनो के चेहरे पर खुशी

(न्यूज12 भारत)







गया। सिद्धत से कोई काम को किजीएगा तो सफलता अवश्य मिलेगी,यह बात एक दिवसीय मोदी केयर के ट्रेनिंग में बताया गया जो पटना के बी आइ एम भवन मे बढी रुप से किया गया है।जिसमे बिहार के अलावा झारखंड छत्तीसगढ़ से भी मोदी केयर में शामिल हुए लोग और श्रीलंका ट्रिप मे एक प्वाइंट बनाने वाले लोग महिला,लडकीया काफी संख्या में शामिल हुए,इस कार्यक्रम में मोदी केयर के बिहार के दिलो कि धडकन सभी को ज्ञान के दाता रविश रस्तोगी ने मोदी केयर के टिप्स की गहराई से सभी आए लोगों को जागरूक किया,इस मौके पर वरिष्ठ मोदी केयर मेम्बर डा अनुप कुमार गुप्ता ने बताया कि इतिहास विजेताओं का सम्मान करता है। कुछ भी कमी भी हो जाए तो चिंता नही करके आगे बढते रहना चाहिए।मोदी केयर में जीतने के लिए आए हैं लोगों अच्छा स्वास्थ्य और अच्छी भविष्य के लिए आप सभी जुडे है और लोगों को जागरूक करके जोडवाए,मोदी केयर में हर लोगों के लिए बहुत से प्रोडक्ट रेंज है जिससे जुडने से और इस्तेमाल करने से लोग अपनी सभी तकलीफ का अंत कर सकते हैं।आपके कामो और कर्मो को उपर वाला देखता है।
आप सभी के पास पुरी आत्मविश्वास है आत्मविश्वास को बढाते हुए आगे बढ़ते रहीए,सभी को कहावत और डी डी एल जी फिल्म पर भी उन्होंने उदहारण देकर ज्ञान दिए हैं ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिनियर श्याम बाबु, राजीव साह,उतम गुप्ता, शंकर गुप्ता आदि थें |

## मथुरा प्रसाद महतो ने गिरिडीह लोकसभा चुनाव हेतु नामांकन पर्चा भरा

- मौके पर सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत इंडिया गठबंधन के कई वरीय नेता रहे मौजूद

(न्यूज12 भारत)



बेरमो/ गिरिडीह लोकसभा उपचुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया आज सोमवार को हॉट सीट गिरिडीह लोकसभा उपचुनाव इंडिया गठबंधन से प्रत्याशी टुंडी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नामांकन पत्र बोकारो की उपायुक्त सभागार कार्यालय में निर्वाचित पदाधिकारी बिजया जाधव के समक्ष अपना नामांकन पर्चा भरे,प्रधान चुनावी संग्रहालय से उनका काफिला निकलकर सीधे पुस्तकालय मैदान पहुंचा। इस दौरान उनके साथ सूबे के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता,स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता,मध्य निषेध मंत्री बेबी देवी,सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू,बेरमो विधायक अनूप सिंह उर्फ जय मंगल,गोमियाँ के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो,गोमिया के पूर्व बिधाइका बबीता देवी, बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, सुप्रियो भट्टाचार्य, कांग्रेस बोकारो जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, धनबाद के लोकसभा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह एवं पार्टी के कई दिग्गज नेता के साथ साथ हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे। इस दौरान मुख्यमंत्री सभा को संबोधित करते हुए बोले की मथुरा प्रसाद महतो एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के ऊपर जनता का आशीर्वाद उनके साथ है|

## मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, पूरे मामले की सीबीआई जांच कराएं चंपई सोरेन : बाबूलाल मरांडी




(न्यूज12 भारत)

रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने 6 मई को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हो या उनकी पूरी सरकार, सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी हुई है। यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है। हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है, लेकिन पिछले 4 वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है, प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है, खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती 1 दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी।
झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपए के नोट मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपए मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।
उन्होंने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी अगर छापामारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपए मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

# दुर्घटनाओं के मामले में जल्द हो मुआवजा का भुगतान जिला जज ने इंश्योरेंस कंपनियों को दिया निर्देश

- दिया ज्यादा से ज्यादा विवादों के निपटारा का निर्देश
- आठ जून को मोटर यान दुर्घटना दावा पर विशेष लोक अदालत

(न्यूज12 भारत)



धनबाद: झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सिविल कोर्ट धनबाद में आठ जून 24 को एक दिवसीय मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों,अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराएं ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो,और उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। बैठक के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ढीले ढाले रवैया के कारण इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 8 जून को मोटर यान दुर्घटना दावा अधिनियम के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई गई है जिसके लिए 3 जून से लेकर 7 जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया है कि वह मोटर यान दुर्घटना दावा के वैसे मामलों को चिन्हित करें जिनका निपटारा लोक अदालत में किया जा सकता है उन्होंने डालसा को नोटिस तामिल करने की जिम्मेदारी सौंपी है. इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, प्रभाकर सिंह, सुजीत कुमार सिंह, डी सी अवस्थी, स्वयंभू, कुलदीप, नीरज विश्वकर्मा, एस एन मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, संजय कुमार सिंह, साकेत कुमार, अंजनी अनुज, पारस कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी, अधिवक्ता उपस्थित थे।

# रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस एवं इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी के रूप में यशस्वनी सहाय ने अपना नामांकन किया

(न्यूज12 भारत)

रांचीः रांची लोकसभा से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय ने रांची समाहरणालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत मोरहाबादी मैदान में एक विशाल सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रदेश कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस नामांकन सभा में प्रत्याशी सुश्री यशस्वनी सहाय के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर , नेता कांग्रेस विधायक दल सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम , पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुबोध कांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस



कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो एवं महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी श्री गुलाम अहमद मीर ने कहा कि पूरे देश में अब तक 184 लोकसभा क्षेत्रों में मतदान हो चुका है जिनमें जनता के रूझान के मुताबिक लगभग 125 सीटें इंडिया गठबंधन को प्राप्त होने जा रहा है। यह चुनाव देश में बदलाव लाने वाला है और झारखंड में इस बार क्रांति होने जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान को जबरदस्त खतरा है। हम इस लोकसभा चुनाव के माध्यम से इसके खिलाफ मजबूती से लड़ेंगे। आज की नामंकन सभा को मुख्य रूप से मंत्री आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की एवं शहजादा अनवर,विधायक श्री राजेश कच्छप,झामुमो के रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, सुरेश बैठा एवं बेलस तिर्की आदि नेताओं ने संबोधित किया।

इस सभा में मुख्य रूप से मार्केटिंग बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, अध्यक्ष,गौ सेवा आयोग के राजीव रंजन प्रसाद,धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव, डॉ तौसिफ, अजय नाथ शाहदेव, विनय सिन्हा दीपु, सुरेन्द्र सिंह, रमा खलखो, अशोक चौधरी, अमरेंद्र सिंह, आभा सिंहा, बबलू शुक्ला, अम्बुज कुमार,दिनेश साहु, शहीद अहमद, चंदन बैठा, हरिमोहन महतो, राजेन्द्र मुण्डा, विकास रजक, जॉय चक्रवर्ती, प्रिंस बट्ट, नीतु देवी, तारिक मुजीबी, मो शह्वाब, राजद के मनोहर यादव, कैलाश यादव, धर्मेंद्र महतो, सीपीआई के नदीम खान, आप पार्टी के संतोष कुमार सहित रांची लोकसभा के विभिन्न प्रखण्डों के प्रखण्ड ,पंचायत, वार्ड एवं बूथ स्तर के नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## गिरिडीह लोकसभा से सांसद प्रत्याशी सीपी चौधरी ने किया नामांकन



(न्यूज12 भारत)

धनबाद :लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सोमवार को राजगंज बाजार से प्रखंड के सभी पंचायत से ग्राम प्रभारी सह प्रभारी तथा बूथ कमेटी के लोग सांसद सीपी चौधरी के नामांकन के लिए राजगंज से रवाना हुए। इनका नेतृत्व आजसू पार्टी के सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो ने किया। उन्होंने बताया कि हमारे कार्यकता में काफी उत्साह है और नामांकन में जनसैलाब उमड़ा है इससे यह साबित होता है की हमारे नेता सी पी चौधरी इस चुनाव में बड़ी अंतर से जीतेंगे। इस अवसर पर ,गिरधारी महतो, हबलाल महतो राजकुमार रवि तिवारी आशा देवी पुतुल देवी टिंकू शर्मा राजू महतो हीरा मोदक चंदन महतो पुस्पा देवी आदि मौजूद थें।

## 7 मई को राहुल गांधी गुमला के बसिया और चाईबासा में चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे

- प्रदेश कांग्रेस कमिटी का एक प्रतिनिधिमंडल दो सभा स्थल का निरीक्षण किया,तैयारी अन्तिम चरण में

(न्यूज12 भारत)



रांचीः अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार कांग्रेस नेताओं के एक दल ने बसिया के कोनवीर में पूरी तैयारी की समीक्षा की।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के दल ने पूरी तैयारी की व्यापक रूप से समीक्षा की साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर भी तैयारी का पूरा जायजा लिया। इस क्रम में उस जिले और प्रखंड से आने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से भी कार्यक्रम को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया और भारी से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और नेताओं की भागीदारी जनसभा मे सुनिश्चित करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष की दिशा निर्देशों से अवगत कराया।

श्री शांति ने बताया कि सिंहभूम लोकसभा के चाईबासा में टाटा कॉलेज मैदान तथा गुमला जिले के बसिया प्रखंड के कोनवीर में राहुल गांधी की सभा प्रायोजित है। सभा के माध्यम से देश और राज्य के हर वह मुद्दे उठेंगे जो देश की जनता के लिए जरूरी है। देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर मे देश की जनता की एकजुटता जरूरी है, जिस तरह से जनता ने चुनाव के दो चरणों में इंडिया गठबंधन के प्रति अपना विश्वास जगाया है आगे भी यह दौर जारी रहेगा। चुनाव के आगे के चरणों में जनता को भाजपा की विभाजनकारी नीतियों को समझने की जरूरत है भाजपा जनता के बीच आपसी मतभेद बनाकर चुनाव का रुख दूसरी ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पा रही है जिसके कारण बौखलाहट में भाजपा नेता रोज तरह-तरह के झूठे बयानों का सहारा ले रहे हैं।

## इंडिया गठबंधन दल की बैठक में विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



- राहुल गांधी के कार्यक्रम में सरायकेला विधानसभा से हजारों कार्यकर्ता करेंगे शिरकत

(न्यूज12 भारत)

गम्हरिया। चाईबासा के टाटा कालेज मैदान में आहूत कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सभा में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। आदित्यपुर एवं गम्हरिया क्षेत्र से करीब दो सौ से अधिक वाहनों पर सवार होकर गठबंधन के कार्यकर्ता चाईबासा कूच करेंगे। राहुल गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर सोमवार को केपी सभागार में आहूत गठबंधन की बैठक में कार्यकर्ताओं को यह जानकारी दी गई। सरायकेला विधान सभा प्रभारी सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केपी सोरेन ने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गठबंधन के झामुमो, कांग्रेस, राजद समेत गठबंधन दल के नेता-कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी। इसमें अधिक से अधिक गठबंधन के कार्यकर्ता शिरकत कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएं। बूथ स्तर के सभी प्रभारियों को कम से कम दस-दस की संख्या में प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम में शिरकत करने का निर्देश दिया गया है, ताकि इसे ऐतिहासिक बनाया जा सके। उन्होंने इस कार्यक्रम में महिला कार्यकर्ताओं को भी अधिक से अधिक सहभागिता पर बल दिया। महिलाओं को कार्यक्रम स्थल तक ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की जानकारी दी। बताया कि राजनगर, आदित्यपुर, कांड्रा, गम्हरिया, सरायकेला समेत विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम स्थल पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

आदित्यपुर के शेरे पंजाब चौक से एवं गम्हरिया के दुर्गा पूजा मैदान से सभी कार्यकर्ता कल चाईबासा के लिए रवाना होंगे। जबकि कांड्रा मोड़ से भी भारी संख्या मंम वाहनों का काफिला रवाना होगी। इससे पूर्व गठबंधन प्रत्याशी जोबा मांझी की जीत को लेकर मोतीनगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं से तीर धनुष छाप पर वोट की अपील की गई। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी केपी सोरेन, दिवाकर झा, लाल बाबू सरदार, राजू रजक, वैद्य संजय कुमार, रमेश बालमुचू, श्याम सुंदर मालाकार, विनय सिंह, गौरी शंकर प्रसाद, रंजीत डे आदि उपस्थित थे।

# गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन सभा में जदयू के हजारो कार्यकर्ता शामिल हुए

(न्यूज12 भारत)

कतरास : जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चन्द्र प्रकाश चौधरी के नामांकन सभा में जदयू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के जदयू कार्यकर्ता प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में जुलुस के रुप में सभा स्थल पर पहुंचे। सभा जैंनामोड़ मैदान में आयोजित हुआ। नामांकन सभा को संबोधित करते हुए दीप नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश का निर्माण



भाजपा, जदयू और आजसू के सहयोग से हुआ है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भ्रष्टाचार मुक्त और परिवारवाद के विरुद्ध राजनीति के लिए गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी को 25 मई को केला छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किए हैं। झारखंड प्रदेश जदयू के कार्यकर्ता गिरिडीह लोकसभा सहीत 14 लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी को विजय बनाने का संकल्प लें और मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। नामांकन सभा में मुख्य रुप से जदयू धनबाद जिला महासचिव दीपक कुमार महतो, बाघमारा प्रखण्ड अध्यक्ष गोपाल चन्द्र गोप,पूर्व जिला परिषद सहदेव प्रसाद सिंह, जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सचिव बिन्दु देवी, जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष इम्तियाज खान,जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला महासचिव अशोक कुमार दास,फूलचंद दास,गुड्डु सिंह ,सुखदेव दास,सीता देवी, तोपचांची प्रखंड अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष मिठु रजवार, विनय सिंह, संजय प्रसाद, श्रृष्टिधर बाउरी, गौतम पाण्डेय, दिपक सिंह, प्रदीप सिंह, महेंद्र दास, मुखिया प्रतिनिधि अजमत अंसारी,जितन राम मांझी, तोपचांची प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष मो अहमद, बाघमारा प्रखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष जमशेद अंसारी,कृष्ण कान्त पाण्डेय,तारा बाबु,संजय दे,बालेश्वर गोप,सपन पाण्डेय, पंकज कुमार आदि हजारो कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि सभी बूथों पर पेयजल के लिये पूरी ठंडा पानी यानी जार वाला पानी उपलब्ध रखे

(न्यूज12 भारत)

गया।जहानाबाद संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले गया ज़िला का अतरी विधानसभा अंतर्गत आज ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह ज़िला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा अनेको मतदान केंद्र एव ग्रामीण क्षेत्रो में जा- जा कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया एव वोटर इन्फॉर्मेशन स्लिप वितरण की जानकारी लिया है। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि लोकसभा आम निर्वाचन पूरी स्वच्छ, निष्पक्ष एव शांति माहौल में सम्पन्न करवाया जाएगा, जिसे लेकर सभी अधिकारी हर बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। अतरी विधानसभा में 01 जून को मतदान होना है। भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम ने आदेश दिया है कि सभी बूथों पर पेयजल के लिये पूरी ठंडा पानी यानी जार वाला पानी उपलब्ध रखे इसके अलावा हर हाल में शेड की व्यवस्था रखे। पंखा, कूलर, टॉयलेट, बिजली, फर्नीचर, बिजली, नेटवर्क इत्यादि सभी बेसिक सुविधा पूरी तरह उपलब्ध रखे। सबसे पहले दशरथ मांझी के सामुदायिक भवन गैहलोर बूथ संख्या 271 का निरीक्षण किया गया है। इस बूथ में 271 वोटर्स हैं। डीएम ने निरीक्षण के दौरान पेयजल की उपलब्धता एवं साफ सफाई



की पूरी व्यवस्था करवाने को निर्देश दिया गया है। इसके बाद उतरी कजूर स्थिति केंदुआ गांव में डीएम ने रुक कर ग्रामीणों से पेयजलापूर्ति के बारे में जानकारी लेने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि इस टोले में कोई सरकारी चापाकल नहीं है। नल जल योजना थोड़ी दूरी पर है। 60 से 70 घर इस टोले में अवस्थित है। इस पर जिला पदाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलंब यहां पर एक नया चापाकल लगवाने का काम करें। इसपर ग्रामीणों ने काफी खुशी जाहिर किया है और जिला पदाधिकारी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया है। इसके बाद उतरी कजूर एव दक्षिणी कजूर पंचायत के टिकरा चक गांव पहुच कर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों से जानकारी लिया साथ ही ग्रामीणों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एक जून को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया है। स्थानीय आम जनमानस ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आस्वस्थ कराया है कि एक जून को सभी ग्रामीण बढ़-चढ़कर अपना मत का प्रयोग करेंगे। इसके बाद जिला पदाधिकारी ने घूम घूम कर नल जल योजनाओं की जानकारी ली। जानकारी लेने के दौरान पता चला की अंतिम घर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अविलम उक्त योजना की जांच कर सुनिश्चित करवाये की अंतिम घर तक लोगों को पानी मिले।

इसके बाद सामुदायिक विकास भवन कजूर टोला टिकरा चक, मतदान केंद्र संख्या 302 का निरीक्षण किया है। डीएम ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलंब इस बूथ को अच्छे तरीके से साफ सफाई करवाये। इस बूथ में बह रहे नाली के पानी को अभिलंब चैंबर बनाने या ढक्कन लगवाने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने जानकारी लिया कि घर-घर वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बाटा गया है या नहीं, इस पर ग्रामीणों ने बताया कि वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटने में थोड़ी धीमी प्रगति है। इस पर जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी नीमचक बथानी को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को निर्देशित करें कि हर एक घर घूम घूम कर पर्ची बाटे। इसके बाद जेठीयन पहुंचकर वन विभाग के डाक बंगला का निरीक्षण किया गया है। डाक बंगला में पोलिंग पार्टी को ठहराव किया जाएगा। बूथ संख्या 285 के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्र वार मतदान केंद्र प्रभारी नामित करें, जिससे सभी व्यवस्थाओं को पूरी अच्छी तरीके से निगरानी रखते हुए मुकम्मल करवाया जा सके। उसमें मुख्य रूप से पानी, टॉयलेट, शेड, फर्नीचर काफी महत्वपूर्ण है।